**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 19 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

**==================================**

1. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत के विकास यात्रा में निवेश की भूमिका को अहम बताया।

2. सर्वोच्च न्यायालय ने भविष्य में पेपर लीक को रोकने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को संस्थागत रूप देने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में शिक्षा ग्रहण कर रहे 14 देशों के विद्यार्थियों से मुलाकात की- युवाओं से नई तकनीक अपनाने और बदलती दुनिया के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

4. हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गन्नौर के दातौली गांव स्थित पीएम श्री सरकारी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया- छात्रों की हर ज़रूरत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

5. कैथल की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के आरोपी को उम्रकैद और 55 हज़ार रुपए के जुर्माने की सज़ा सुनाई।

6. हांसी के मुक्केबाज़ नरेन्द्र बेरवाल का अर्जुन अवॉर्ड के लिए चयन हुआ।

============================================

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की आर्थिक वृद्धि को अब वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल रही है। आज नई दिल्ली में श्री वैष्णव ने उत्तर प्रदेश-जापान निवेश शिखर सम्मेलन में कहा कि देश छह से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से आगे बढ़ रहा है।

*हमारी विकास यात्रा में निवेश की अहम भूमिका रही है। आज हम हर साल करीब 130 अरब डॉलर का सार्वजनिक निवेश कर रहे हैं। इससे अर्थव्यवस्था में एक डॉलर के निवेश पर करीब 3 दशमलव छह डॉलर की आर्थिक गतिविधि होती है। इसके साथ ही, इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और यह सुनिश्चित करने में भी सहायता मिली है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।*

श्री वैष्णव ने कहा कि भारत के पास अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। पिछले दस वर्षों में करीब 65 हजार किलोमीटर राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जबकि हवाई अड्डों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि देश में रेल नेटवर्क में व्यापक सुधार हुआ है।

*आज देश का 99 दशमलव 6 प्रतिशत रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत हो चुका है। पिछले एक दशक में 38 हजार किलोमीटर नई रेल लाइनें जोड़ी गई हैं और 162 सेमी-हाई स्पीड ट्रेनें शुरू की गई हैं।*

-------------------------------------------------------

सर्वोच्च न्यायालय ने भविष्य में पेपर लीक को रोकने के लिए आज एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी -NTA को संस्थागत रूप देने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, जिसमें सुरक्षित बुनियादी ढांचा, समर्पित परीक्षा केंद्र, साइबर सुरक्षा प्रणाली, संस्थागत विशेषज्ञता और परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए एक स्थायी तंत्र शामिल हो।

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए, न्यायालय ने शिक्षा मंत्रालय के केंद्रीय सचिव को निर्देश दिया कि वे नंदन नीलेकणि समिति द्वारा सुझाए गए आवश्यक संशोधनों को शामिल करते हुए राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए उठाए जा रहे कदमों को लेकर हलफनामा दाखिल करें।

न्यायालय ने कहा कि उसका मकसद यह पक्का करना है कि देश में एक मजबूत परीक्षा एजेंसी हो, जो विशेषज्ञता बनाए रखने और तकनीकी बदलावों के हिसाब से खुद को ढालने में सक्षम हो। न्यायालय ने खास तौर पर प्रश्न पत्रों को सील करने के लिए एक स्थायी समिति बनाने, वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति और संस्थागत विशेषज्ञता तैयार करने से जुड़ी सिफारिशों को लागू करने के बारे में भी जानकारी मांगी है।

---------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में 14 देशों से आकर हरियाणा में शिक्षा ग्रहण कर रहे विदेशी विद्यार्थियों के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और संबंधों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने युवाओं से नई तकनीक अपनाने और बदलती दुनिया के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री नायब सिंह सैनी ने उम्मीद जताई कि हरियाणा से पढ़ाई पूरी करने के बाद ये विदेशी छात्र अपने देशों में प्रदेश के 'ब्रांड एंबेसडर' बनेंगे।

बातचीत के दौरान विदेशी विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों द्वारा विदेशी संस्थानों के साथ समझौतों और शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने पर बल दिया।

--------------------------------------------------

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज सोनीपत जिले के गन्नौर के दातौली गांव स्थित पीएम श्री **सरकारी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय** का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसर की साफ-सफाई, बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

शिक्षा मंत्री ने न केवल भौतिक व्यवस्थाओं को जांचा, बल्कि कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन की सामग्री और स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं को

लेकर खुलकर बात की। मंत्री ने विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रों की हर जरूरत और समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-------------------------------------------------------

कैथल में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनुपामिश मोदी की अदालत ने आज चचेरे भाई की हत्या के आरोपी को उम्रकैद और 55 हज़ार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर आरोपी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मामला 4 अक्टूबर 2020 का है, जब बालू गांव में ज़मीनी विवाद के चलते आरोपी जितेंद्र उर्फ छोटा ने अपने चचेरे भाई पलविंदर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस की ओर से अदालत में कुल **23 गवाह** पेश किए गए, जिनके बयानों और सबूतों के आधार पर अदालत ने 58 पन्ने के फैसले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई।

----------------------------------------------

हांसी जिले के सोरखी गांव के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल का अर्जुन अवॉर्ड के लिए चयन हुआ है।

किसान परिवार से संबंधित नरेंद्र को अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुने जाने की खबर मिलते ही परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। आज हमारे संवाददाता ने वर्ष 2009 में मुक्केबाजी शुरू करने वाले नरेंद्र बेरवाल से बातचीत की। को बताया कि अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुने जाने से उसका परिवार बहुत खुश है।

3-नरेंद्र बेरवाल -17 सेकंड

नरेंद्र ने बताया कि भिवानी बॉक्सिंग अकादमी में कोच देवराज के मार्गदर्शन में उन्होंने मुक्केबाजी की बारीकियां सीखीं।वर्ष 2013 में नरेंद्र भारतीय सेना में भर्ती

हुए। इसके बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

-----------------------------------------------------

हरियाणा पंजाब और चंडीगढ़ में आज से 23 तारीख तक कुछ जगहों पर और 24 तारीख से कुछ अलग-अलग जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज चंडीगढ़, पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर कुरुक्षेत्र सहित हरियाणा के विभिन्न भागों में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

------------------------------------------------

हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग ने बदलते मौसम के चलते स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए आमजन को सावधानी बरतने की सलाह दी है और इससे बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है और नागरिकों को आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता बताया कि एडवाइजरी में कहा गया है कि स्वाइन फ्लू के लक्षण हों तो सार्वजनिक स्थानों से दूरी बनाए रखें, ताकि संक्रमण फैलने का खतरा कम किया जा सके। एडवाइजरी में लोगों को हाथ मिलाने अथवा अन्य संपर्क वाले अभिवादन से बचने, सार्वजनिक स्थानों पर न थूकने तथा बिना चिकित्सीय सलाह लिए दवाइयां न लेने की सलाह दी गई है।

-------------------------------------------------------

चंडीगढ़ रेड क्रॉस ने अपनी "रेड क्रॉस पंछी बसेरा" पहल का विस्तार करते हुए दो नए पंछी बसेरे स्थापित किए हैं। ये पंछी बसेरे सेक्टर-17, रैन बसेरा तथा सेक्टर-43 में स्थापित किए गए हैं। रेड क्रॉस का कहना है कि यह पहल नागरिकों को अपने आसपास पक्षियों के लिए दाना और पानी उपलब्ध करवाकर ऐसे संवेदनशील एवं करुणामय प्रयासों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करेगी।

========================================